# संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

पुराना नर्सेस हॉस्टल भवन, दाऊ कल्याण सिंह भवन परिसर
छत्तीसगढ़, रायपुर

क्रमांक / 2389 / संचिशि / नर्सिंग / 2019 रायपुर, दिनांक 01.03.19

**–/ / प्रवेश वर्ष 2019 – बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश सूचना/ /–**

सत्र 2019 के लिये प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित **बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम** में प्रवेश, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक / व्यापम / 2019 / 327 दिनांक 08.02.2019 द्वारा बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा के लिये संभावित तिथि **16 जून, 2019** घोषित किया गया है। अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा से संबंधित जानकारी हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के वेबसाईट – **www.cgvyapam.choice.gov.in** का नियमित अवलोकन करें।

नोटः–

***आवश्यक दस्तावेज, नियम, पात्रता एवं अद्यतन जानकारी सूचना हेतु संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.co.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।***

**संचालक चिकित्सा शिक्षा**
**छत्तीसगढ़**

# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782

E-mail- cgvyapam@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in


क्रमांक/व्यापम/2019/327 रायपुर, दिनांक 08/03/2019

## प्रेस विज्ञप्ति

### व्यापम द्वारा वर्ष 2019 में आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथि के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, रायपुर द्वारा राज्य शासन से संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथियाँ निम्नानुसार है –

| क्र. | परीक्षा का नाम | संभावित परीक्षा तिथि/दिन | संभावित परीक्षा शहर |
|---|---|---|---|
| 1. | पी.ई.टी. – (PET) (इंजीनियरिंग, डेयरी– टेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी) | 02 मई 2019, प्रथम पाली | 27 जिले |
| 2. | पी.पी.एच.टी. (PPHT) | 02 मई 2019, द्वितीय पाली | 27 जिले |
| 3. | पी.पी.टी. (PPT) | 09 मई 2019, प्रथम पाली | 27 जिले |
| 4. | प्री.एम.सी.ए. (Pre. MCA) | 09 मई, द्वितीय पाली | रायपुर शहर |
| 5. | पी.ए.टी. (PAT) | 23 मई प्रथम पाली | 27 जिले |
| 6. | प्री. बी.एड. (Pre. B.Ed.) | 07 जून प्रथम पाली | 27 जिले |
| 7. | प्री. डी.एल.एड. (Pre. D.El.Ed.) | 07 जून द्वितीय पाली | 27 जिले |
| 8. | प्री.बी.एस.सी. नर्सिंग (Pre. B.Sc. (Nursing)) | 16 जून प्रथम पाली | 05 संभागीय मुख्यालय |
| 9. | प्री.बी.ए., बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. (Pre. B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed.) | 16 जून द्वितीय पाली | 05 संभागीय मुख्यालय |
| 10. | एम.एस.सी.नर्सिंग (Pre. M.Sc. (Nursing)) | 23 जून प्रथम पाली | 05 संभागीय मुख्यालय |
| 11. | पोस्ट बेसिक नर्सिंग (Pre. Post Basic (Nursing)) | 23 जून द्वितीय पाली | 05 संभागीय मुख्यालय |

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

PC

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

# संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

पुराना नर्सेस हॉस्टल भवन, दाऊ कल्याण सिंह भवन परिसर, छत्तीसगढ़, रायपुर

क्रमांक/ 2061 /संचिशि/नर्सिंग/2019 रायपुर, दिनांक 23-2-19

## —// प्रवेश वर्ष 2019 — बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश सूचना//—

सत्र 2019 के लिये प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित **बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम** में प्रवेश, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक/व्यापम/2019/327 दिनांक 08.02.2019 द्वारा बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा के लिये संभावित तिथि **16 जून, 2019** घोषित किया गया है। अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा से संबंधित जानकारी हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के वेबसाईट— **www.cgvyapam.choice.gov.in** का नियमित अवलोकन करें।

प्रवेश रूचि रखने वाले आवेदक एवं उनके अभिभावक के सूचनार्थ यह सूचना प्रकाशित है, ताकि ऑन—लाईन/ऑफलाईन आवेदन के समय आपके पास उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये वांछित मूल दस्तावेज उपलब्ध हो। जिसे काउंसिलिंग के संवीक्षा एवं प्रवेश प्रकिया में उपलब्ध करा सकें तथा जिससे प्रवेश में पात्र रहें एवं व्यर्थ की कठिनाई और प्रवेश से वंचित होने से बचे।

**(अ) काउंसिलिंग की संवीक्षा के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः—**

1. व्यापम परीक्षा प्रवेश पत्र (जिसकी प्रवेश परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित)
2. व्यापम परीक्षा अंकसूची (जिसकी प्रवेश परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित)
3. कक्षा 10वीं की अंकसूची/जन्म प्रमाण—पत्र, आयु हेतु
4. कक्षा 12वीं की अंकसूची
5. छत्तीसगढ़ राज्य का वास्तविक निवासी प्रमाण—पत्र
6. छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी जाति प्रमाण—पत्र (यदि लागू हो)
7. अन्य पिछड़ावर्ग हेतु जाति प्रमाण—पत्र सहित विगत तीन वर्षों का आय प्रमाण—पत्र (जो शासकीय/केन्द्र शासन के कार्यालय का फार्म—16 अथवा तहसील कार्यालय से जारी किया गया हो)
8. संवर्ग सैनिक/दिव्यांगजन (विकलांग)/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेतु परिशिष्ट अनुसार प्रमाण पत्र (नोट विकलांग हेतु अवधि एवं जारी करने वाले कार्यालय परिशिष्ट अनुसार प्रस्तुत करना अनिवार्य है) (यदि लागू हो)
9. शासकीय सेवारत अभ्यर्थी होने पर सेवारत एवं अनापत्ति प्रमाण—पत्र (यदि लागू हो)

**(ब) संवीक्षा उपरांत महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज सूची एवं शुल्कः—**

1. आबंटन पत्र
2. मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट
3. ट्रांसफर सर्टिफिकेट/ ट्रांसफर सर्टिफिकेट मय चरित्र प्रमाण—पत्र
4. चरित्र प्रमाण—पत्र (स्कूल/महाविद्यालय/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी)
5. माईग्रेसन सर्टिफिकेट (यदि अन्य विश्वविद्यालय का छात्र है तो शपथ—पत्र सहित समय प्रदान किया जा सकेगा।
6. गैप सर्टिफिकेट (यदि लागू हो)
7. पासपोर्ट साईज कलर अथवा ब्लैक एण्ड व्हाईट फोटो 05 प्रति, जो एक ही निगेटिव से बनी हो।
8. आधार कार्ड/अन्य मान्य फोटो परिचय पत्र (जैसे स्कूल अथवा महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र/ड्रायविंग लाईसेंस/पासपोर्ट)
9. शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क।

नोटः— 1/राज्य के समस्त शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित नर्सिंग पाठ्यक्रमों की समस्त सीटों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग संचालनालय द्वारा किया जाता है। बिना काउंसलिंग प्रकिया के सीधे नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश, वैध नहीं होगा। अतः आप ऐसे व्यक्ति/एजेण्ट/महाविद्यालय जो आपको पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन देते हो, उनके छद्म जाल में न फंसे और न ही कोई राशि उन्हें दें, और न ही प्रवेश आबंटन के पूर्व कोई शुल्क जमा नहीं करें।

2/ *संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.co.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।*

संचालक चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़